हमला | खुलेआम घूम रहा है आरोपी

जमीन विवाद पर जानलेवा हमला

नवभारत,नरसिंहपुर,गोटेगांव। थाना क्षेत्र के ग्राम बगलई बस्ती, लाठगांव रोड पर जमीन विवाद को लेकर एक परिवार पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। घायल ने आरोप लगाया है कि अब केस वापस लेने के लिए धमकाया जा रहा है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बगलई बस्ती निवासी परसराम कुशवाहा का अपने बड़े पिताजी के बेटों के साथ जमीन का विवाद चल रहा है। 22 जून को परसराम जब खेत पहुंचे तो उन्होंने भाई प्रमोद कुशवाहा को ट्रैक्टर से जुताई करते देखा। परसराम ने मेड़ के ऊपर ट्रैक्टर न चलाने की हिदायत दी और घर लौट आए। शाम करीब 5 बजे जब वे दोबारा खेत पहुंचे तो प्रमोद ने मेड़ को पूरी तरह जोत दिया था। विरोध करने पर आरोपी प्रमोद और नरेंद्र गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने लाठी से परसराम के सिर पर हमला कर दिया, जिससे वे लहूलुहान होकर गिर पड़े। बीच-बचाव करने आए पिता गोरेलाल कुशवाहा को भी आरोपियों ने लाठी से मारा। घटना के प्रत्यक्षदर्शी पीड़ित के चाचा राधेश्याम कुशवाहा हैं। हमले के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। परसराम को तत्काल गोटेगांव के स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जबलपुर रेफर कर दिया। जबलपुर में उपचार के दौरान पीड़ित परसराम ने एक वीडियो संदेश जारी कर आरोप लगाया कि अस्पताल में इलाज के दौरान भी रिश्तेदारों के जरिए केस वापस लेने की धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे परिवार की जान को खतरा है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि शिकायत में एक हमलावर का नाम बताने के बावजूद पुलिस ने उसे रिपोर्ट में शामिल नहीं किया है। इस संबंध में गोटेगांव पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मेडिकल रिपोर्ट और बयानों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सभी तथ्यों की जांच की जा रही है। फिलहाल पीड़ित परिवार ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

आज नर्मदा जल सप्लाई पूर्णत : बंद रहेगी

नवभारत,गोटेगांव। समस्त नगरवासियों को सूचित किया जाता है कि विद्युत आपूर्ति बार-बार बाधित होने के कारण मुआंरघाट इंटेकवेल में तकनीकी खराबी उत्पन्न हो गई है। इस तकनीकी खराबी के चलते आज 27 जून 2026 को नगर में नर्मदा जल की सप्लाई पूर्णत: बंद रहेगी। हालांकि, वार्डों में लगे नलकूपों से जलापूर्ति यथावत जारी रहेगी। नगरवासियों से अपील है सभी नागरिक आवश्यकतानुसार पेयजल का पूर्व में ही संग्रह कर लें। और जल का उपयोग केवल अत्यंत आवश्यक कार्यों में ही करें। पानी व्यर्थ न बहाएं। तकनीकी दल खराबी सुधारने में जुटा है। जलापूर्ति सामान्य होते ही सूचित कर दिया जाएगा। हो रही असुविधा के लिए हमें खेद है।

भुगतान न होने पर व्यापारियों पर धोखाधड़ी का आरोप

नवभारत,गोटेगांव। विकासखंड गोटेगांव के दर्जनों किसानों ने पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर के नाम थाना गोटेगांव पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा जिसमें उल्लेखित कर बताया की हरी मटर का भुगतान न करने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। किसानों का आरोप है कि व्यापारियों ने जनवरी माह में हरी मटर खरीदी थी, लेकिन महीनों बाद भी भुगतान नहीं किया। साथ ही फर्जी बैंक चेक देकर धोखाधड़ी की गई। ज्ञापन देने वालों में दीपेन्द्र पटेल संदीप पटेल मलखान झारिया नीरज पटेल पंकज पटेल योगेश बरूआ रविशंकर झारिया बल्लू पटेल आसू पाठक मयंक पटेल चन्द्रिका तिवारी पंकज दुबे विश्वनाथ पटेल रामसेवक पटेल जोगेन्द्रसिंह महेश झारिया सहित मुडिया कंजई, कूसीवाडा, सालीवाडा के अन्य किसान शामिल हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि संदीप पटेल गोपाल एण्ड कंपनी गोपाल पटेल अमित

पटेल धनंजय मिश्रा उर्फ मनोज ऋषिराज पटेल और मलखानसिंह पटेल ने जनवरी माह में उनसे हरी मटर की खरीदी की थी। व्यापारियों ने उस समय नकद भुगतान का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में मनोज उर्फ धनंजय मिश्रा द्वारा दिए गए बैंक चेक बाउंस हो गए। आवेदक किसानों का कहना है कि अनावेदकों ने सुनियोजित तरीके से फर्जी बैंक चेक देकर भुगतान टाला और अब सम्पूर्ण कृषकों के साथ भारी धोखा किया है। कई किसान कर्ज लेकर खेती करते हैं और भुगतान न मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। किसानों ने पुलिस से मांग की है कि सभी अनावेदकों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए और किसानों का बकाया भुगतान तत्काल दिलाया जाए। वही किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

बच्चों को पिलाई जाएगी पल्स पोलियो की दवा

नवभारत,नरसिंहपुर। पोलियो जैसी गंभीर एवं दिव्यांगता बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जिले में 28 से 30 जून 2026 तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत जन्म से 5 वर्ष तक की आयु के 1 लाख 58 हजार 945 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। अभियान के दौरान जिले के प्रत्येक गांव, शहरी क्षेत्रों के वार्डों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, शासकीय अस्पतालों, रेलवे स्टेशन, हाट-बाजार, बस स्टैंड सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, ताकि कोई भी बच्चा इस जीवनरक्षक खुराक से वंचित न रह जाए। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित एवं नि:शुल्क है। उल्लेखनीय है कि पोलियो की यह खुराक बच्चों को पोलियो से होने वाली बीमारियों से बचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत देश पोलियो मुक्त घोषित हो चुका है।

ताजियों की जियारत करने उमड़ा जनसैलाब

नवभारत,गाडरवारा। नगर में मोहर्रम का पर्व सांप्रदायिक सौहार्द और अकीदत के साथ मनाया गया। यौम-ए-आशूरा के अवसर पर शहर के विभिन्न इमामबाड़ों से निकली सवारियां संजय मार्केट के सामने एकत्रित हुईं, जहां बड़ी संख्या में जायरीनों ने ताजियों की जियारत कर तबर्रुक पेश किया। पूरे नगर में 'या हुसैन, या हुसैन' के नारों की गूंज सुनाई देती रही। शहनाई की शहीदी धुनों के बीच बाबाओं की आमद के साथ सवारियां नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरीं। सुबह से दोपहर तक संजय मार्केट के सामने ताजियों के दीदार और जियारत के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने ताजियों पर इत्र, खुशबू और लोबान पेश कर अपनी

अकीदत जाहिर की तथा रेबड़ी का तबर्रुक वितरित किया गया। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाओं सहित सभी वर्गों के लोगों ने ताजियों का दीदार कर मन्नतें मांगीं। शुक्रवारा बाजार से लेकर संजय मार्केट और नगर के विभिन्न हिस्सों में लंगर एवं शरबत का वितरण होता रहा। शक्ति चौक और बड़ेवली क्षेत्र में भी भारी भीड़ देखने को मिली। मुरादियों ने बाबाओं से मुलाकात कर प्याले नजर किए और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की दुआ मांगी। शहनाई की धुन पर सवारियों ने दरगाहों और इमामबाड़ों में हाजिरी पेश की। शहीदाने कर्बला की याद में नगर की मस्जिदों में यौम-ए-आशूरा की नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद, छोटी मस्जिद और फैजाने मदीना मस्जिद में नमाजियों की बड़ी संख्या उमड़ी। मोहर्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए नगर के विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा। एसडीएम मणिन्द्र सिंह, तहसीलदार प्रियंका नेताम, एसडीओपी ललित डागुर, नगर निरीक्षक अशोक चौहान सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रहे।

धूमधाम से निकला मां के ज्वारों का चल समारोह,श्रद्धापूर्वक हुआ विसर्जन

नवभारत,गाडरवारा। ग्राम हर्रई में मां के ज्वारों का विसर्जन धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने घर से मां के ज्वारों का भव्य चल समारोह निकाला, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, युवा और बच्चे शामिल हुए। पूरे मार्ग में श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए भक्ति भाव से आगे बढ़ते रहे। चल समारोह ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए खेड़ापति मंदिर पहुंचा, जहां विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ मां के ज्वारों का श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया गया। इस दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालुओं ने मां से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और अच्छी वर्षा की कामना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

समीक्षा बैठक में विभिन्न शैक्षणिक बिंदुओं पर हुई चर्चा

नवभारत,तेंदूखेड़ा। विकासखंड चांवरपाठा में आयोजित बी पी एम यू बैठक सह समीक्षा बैठक का आयोजन संकुल विद्यालय चांवरपाठा में वी आर सी सुनील श्रीवास्तव के मार्गदर्शन रखी गई।बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंचम सिह मरावी राजेश सेन समस्त जनशिक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक का उद्देश्य शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा करना तथा विभिन्न पोर्टलों एवं योजनाओं की प्रगति का आकलन करना विद्यालयों की ऑनलाइन एंट्री एमआईएस पोर्टल पर डेटा अद्यतन एजुकेशन पोर्टल 3 पर नामांकन की स्थिति यू डाइस पोर्टल पर छात्र एवं विद्यालय

संबंधी जानकारी की समीक्षा अपार आईडी की प्रगति तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान शिक्षा सत्र 2026-27 में विद्यालयों में पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता कक्षा उन्नति से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों हेतु उपलब्ध वाहनों एवं चालक की व्यवस्था तथा विद्यालयों में पुस्तकालय संचालन की स्थिति पर भी विचारविमर्श किया गया।अधिकारियों ने सभी संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक जानकारी समय पर पोर्टलों पर दर्ज करने एवं लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा गया कि शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं डिजिटल पोर्टलों की नियमित मॉनिटरिंग से विद्यालयों की कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनेगी।

एक नजर में

सकारात्मक नवाचार से बदल रही शिक्षा की तस्वीर

नवभारत,नरसिंहपुर। सीमित संसाधनों एवं ग्रामीण परिवेश के बावजूद शासकीय हाई स्कूल पचामा एवं शासकीय नवीन माध्यमिक शाला पचामा शिक्षा के क्षेत्र में सतत नवाचार करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए शिक्षकों द्वारा किए जा रहे समर्पित प्रयासों के सकारात्मक परिणाम लगातार सामने आ रहे हैं। शासकीय हाई स्कूल पचामा के गणित शिक्षक वीरेंद्र वर्मा ने सत्र प्रारंभ होते ही कक्षा 10वीं के 15 इच्छुक विद्यार्थियों के लिए विशेष अध्ययन सत्र संचालित किए। मई माह में प्रतिदिन प्रात: 6 बजे से डिजिटल बोर्ड के माध्यम से अतिरिक्त कक्षाएं लेकर उन्होंने गणित विषय को सरल, सहज एवं रुचिकर बनाया तथा प्रारंभिक चरण में ही लगभग पूरा पाठ्यक्रम पूर्ण करा दिया। उनके इस अनुकरणीय नवाचार एवं समर्पण की सराहना करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा ने उनका सम्मान करते हुए उत्साहवर्धन किया।

सरिया सप्लाई के नाम पर 3 .42 लाख की ठगी

नवभारत, जबलपुर। रांझी निवासी एक व्यवसायी से जी.के. टीएमटी बार (सरिया) की डीलरशिप के नाम पर फर्जी डीलर ने 3 लाख 42 हजार 100 रुपये की धोखाधड़ी कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर ली है । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रावण पार्क के पास, रांझी निवासी सूरज कुमार यादव 59 वर्षीय एम एस रविन्द्र इलेक्ट्रिकल्स फर्म के प्रोपराइटर हैं। उनकी फर्म ने जी.के. सेल्स कॉर्पोरेशन के संचालक पवन कुमार से जी.के. टीएमटी बार खरीदने का सौदा किया था। आरोपी पवन कुमार ने उन्हें बैंक ऑफ इंडिया, रायपुरा शाखा का एक खाता विवरण भेजा, जो जी.के. सेल्स कॉर्पोरेशन के नाम पर दर्ज था। परचेस ऑर्डर की शर्तों के मुताबिक, कुल राशि का 50 प्रतिशत एडवांस और बाकी 50 प्रतिशत माल की अनलोडिंग के बाद देना तय हुआ था। पीड़ित ने भरोसा करके 12 जून को ही 3,42,100 आरटीजीएस के जरिए आरोपी के खाते में ट्रांसफर कर दिए। रकम खाते में आते ही आरोपी पवन कुमार के तेवर बदल गए। उसने माल की डिलीवरी देने के बजाय पीड़ित पर बकाया 50 फीसदी रकम तुरंत भेजने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। जब पीड़ित को धोखाधड़ी की आशंका हुई, तो उन्होंने सीधे जी.के. टीएमटी कंपनी के मुख्य कार्यालय और अधिकृत प्रतिनिधियों से संपर्क किया। वहां से पता चला कि पवन कुमार नाम का कोई भी व्यक्ति उनका अधिकृत डीलर या विक्रेता नहीं है। इसके तुरंत बाद आरोपी ने अपने सभी मोबाइल नंबर बंद कर लिए। फर्जी वेंडर बनकर आर्थिक चपत लगाने के इस मामले में पुलिस ने आरोपी पवन कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

युवक को बदनाम करने एफबी में आपत्तिजनक पोस्ट

नवभारत, जबलपुर। शहपुरा थाना अंतर्गत टिपरा निवासी युवक को बदनाम करने फेसबुक में आपत्तिजक पोस्ट की जा रही है जिसको लेकर पीड़ित ने सायबर सेल में शिकायत करते हुए आईडी धारक पर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार रूपेश पटेल पिता सुर्दशन पटेल 33 वर्ष निवासी टिपरा शहपुरा ने शिकायत में बताया कि विगत एक सप्ताह से एक अज्ञात व्यक्ति फेस बुक पर उसके खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट कर रहा हैं, उक्त आइडी रीतेश राय नाम से बनी है। जबकि वे रीतेश राय नाम के किसी व्यक्ति को नहीं जानता है। रीतेश राय लगातार आपत्तिजनक पोस्ट कर उसकी छावी को धूमिल कर रहा है । उक्त आईडी धारक रीतेश राय की फेसबुक आईडी की जांच कर ब्लाक कर कर कार्यवाही की जाएं। सायबर पुलिस ने शिकायत दर्ज करते हुये जांच शुरू कर दी है। साथ ही इसका भी पता लगाया जा रहा है कि आईडी संचालक कौन है और कहां का रहने वाला है। विस्तर जांच के बाद मामले में आगे की कार्यवाही होगी।

नाबालिग बहनों की पिटाई, वीडियो वायरल

नवभार, जबलपुर। ग्वारीघाट में दो नाबालिग बहनों की सहेलियों ने पिटाई कर दी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर महिला समेत चार किशोरियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। टीआई कन्हैया बघेल ने बताया कि दो नाबालिग बहनें अपने चार सहेलियों के साथ ग्वारीघाट पहुंची थी। जिसमें एक महिला भी शामिल थी। पांचों एक खंडहरनुमा मकान के समीप मोबाइल से रील बना रही थी ।

सार्वजनिक पुस्तकालय को 43 पुस्तकों का दान

नवभारत,गाडरवारा। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसेड़िया ने सार्वजनिक पुस्तकालय तिलक भवन, गाडरवारा को निर्जला एकादशी के अवसर पर 43 उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकें भेंट कीं। इन पुस्तकों में साहित्य, पर्यावरण, योग, धर्म, व्यक्तित्व विकास, संत वाणी, बाल साहित्य तथा दुर्लभ प्राचीन भाषा पहाड़ों से संबंधित पुस्तकें शामिल हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक मधुसूदन पटेल एवं सार्वजनिक पुस्तकालय के ग्रंथपाल नेतराम कहार उपस्थित रहे। पुस्तकें भेंट करते हुए बसेड़िया ने कहा कि पुस्तकालय

को पुस्तक दान करना ज्ञान के प्रसार का प्रभावी माध्यम है। इससे जरूरतमंद पाठकों को अध्ययन का अवसर मिलता है और पुस्तकों का सदुपयोग सुनिश्चित होता है। उन्होंने कहा कि पुस्तक दान सामाजिक एवं शैक्षिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने का कार्य है।

झांझनखेड़ा में सजेगा भव्य श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव

नवभारत,गाडरवारा। राजस्थान के प्रसिद्ध तीर्थस्थल खाटू श्याम मंदिर की तर्ज पर गाडरवारा तहसील के ग्राम झांझनखेड़ा स्थित श्री खाटू श्याम दरबार भी श्याम भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। बाबा श्याम, जिन्हें हारे के सहारे के रूप में श्रद्धापूर्वक याद किया जाता है, की कृपा से यहां धार्मिक आयोजनों का क्रम निरंतर जारी है। इसी कड़ी में 28 जून 2026, रविवार को एक शाम श्याम दरबार के नाम भव्य श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 7 बजे से प्रारंभ होकर देर रात्रि



तक चलेगा। इस अवसर पर देश के विभिन्न क्षेत्रों से आमंत्रित प्रसिद्ध भजन गायक एवं कलाकार श्याम भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे। महोत्सव के दौरान दिव्य दरबार, अखंड ज्योति, पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा तथा भव्य श्याम दरबार की विशेष सजावट श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगी। आयोजन समिति के अनुसार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। आयोजकों का कहना है कि जिस प्रकार राजस्थान के खाटू धाम में देशभर से श्रद्धालु बाबा श्याम के दर्शन के लिए पहुंचते हैं, उसी प्रकार झांझनखेड़ा का श्री खाटू श्याम दरबार भी मध्यप्रदेश में श्याम भक्तों की आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र बनता जा रहा है। समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

नशा मुक्त जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत,नरसिंहपुर। जिले में युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने तथा समाज में नशा मुक्त वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरसिंहपुर के कला पथक दल एवं पुलिस प्रशासन द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के तहत जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत सिंहपुर और गोटेगांव की श्रीधाम सहित विभिन्न विद्यालयों में नशा मुक्ति से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।

पांडुलिपि का ज्ञान भारतम् पोर्टल पर हुआ डिजिटलीकरण

नवभारत,नरसिंहपुर। जिले की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। जिले में उपलब्ध एक प्राचीन पांडुलिपि को सफलतापूर्वक ज्ञान भारतम् पोर्टल पर अपलोड कर उसका डिजिटल दस्तावेजीकरण किया गया है। यह कार्य कलेक्टर रजनी सिंह निर्देशन में, प्राचार्य डाइट राजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा जनपद पंचायत चीचली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गुप्ता के समन्वित प्रयासों से संपन्न हुआ। चीचली-सालीचौका के समीप स्थित ग्राम मेरागांव में संत देवादासजी महाराज द्वारा सधुकड़ी बोली में रचित इस दुर्लभ पांडुलिपि को ज्ञान भारतम् पोर्टल पर अपलोड कर डिजिटल रूप से संरक्षित किया गया है।

मंत्री उदयप्रताप ने सुनीं लोगों की समस्याएं

नवभारत,गाडरवारा। क्षेत्रीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह ने शुक्रवार को सेवासदन, लक्ष्मी टाउनशिप में जनसुनवाई कर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं विधानसभा क्षेत्र से आए नागरिकों से सौजन्य भेंट कर उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सुबह 11 बजे सेवासदन पहुंचने पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। मंत्री ने एक-एक कर सभी आवेदकों से मुलाकात की तथा आवेदन-पत्रों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों और मांगों को गंभीरता से सुना। इसके बाद संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर

पर मंत्री उदयप्रताप सिंह ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ समय-सीमा में मिलना सुनिश्चित किया जाएगा तथा सभी समस्याओं का चरणबद्ध तरीके से निराकरण किया जाएगा। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए मंत्री ने संगठन की मजबूती को सरकार की ताकत बताते हुए बूथ स्तर तक सक्रिय रहने और जनता से निरंतर संपर्क बनाए रखने का आह्वान किया।

मानसून को टकटकी लगाकर देख रहे कृषक

नवभारत,तेंदूखेड़ा। गत वर्ष की अपेक्षा इस मानसून काफी लेट होता चला जा रहा है। किसान मानसूनी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। खरीफ मौसम की खेती के साथ साथ जमीन भी काफी प्यासी बनीं हुई है।हेंडपंपो में भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं निकल पा रहा है।

ऊपरी बारिस हो जाने से जमीन की कुछ हद तक प्यास बुझ सकती है और हेडपंप भी पानी उगलने लगेंगे। किसान टकटकी लगाए बैठे हैं कि बारिश कब होगी। किसानों का कहना है कि प्रतिदिन मौसम बनता तो है लेकिन गरज कर वापस चले जाते हैं। खेतों से गर्मी मौसम की मूंग कटते ही अब युद्ध स्तर पर मक्का फसल की बुवाई के लिए किसान सक्रिय हो गए हैं। लेकिन मानसूनी बारिश का इंतजार हो रहा है। किसानों का कहना है कि बरसात काफी लेट होती चली जा रही है। जिन किसानों के पास स्वयं का पानी का साधन है उनके द्वारा तो मक्का फसल की बोनी कर दी गई है लेकिन अन्य किसान तो आसमान की ओर ही निहार रहे हैं। पिछले साल धान फसल में उचित दाम ना मिल पाने के कारण किसान इस बार मक्का फसल में अधिक ध्यान दे रहा है।इस फसल में ना ज्यादा दवाईयां और ना ही ज्यादा समस्या प्रति एकड़ उपज भी अच्छी खासी निकल आती है। विभिन्न प्रकार की बीजों की किस्में भी आ गई है।जो जल्दी कम समय में पककर तैयार हो जाती है।खर्चा काटकर एवरेज लगभग वही बैठ जाता है। चूंकि धान में केमिकलों का छिड़काव किये बिना काम चल नहीं पाता है और अधिक केमिकलों के कारण धान और मूंग फसल बेचने में ना नुकुर के चलते इस फसल पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। रेट भी सही नहीं मिल पा रहें हैं।चूंकि मिट्टी के ऊपर इस फसल का उत्पादन हुआ करता है। लेकिन मक्के की फसल में ज्यादा खर्चा नहीं आता है।केवल जंगली सुअरों और पक्षियों से इस फसल को बचाना पड़ता है । विशेष तौर पर जंगली क्षेत्रों में ज्यादा सुरक्षा की जरूरत होती है। और इन्हीं क्षेत्रों में ही सर्वाधिक बुबाई होती है।बुबाई के लिए अभी 10 जुलाई तक का समय है। बरसात जारी रहने के कारण फिर बोनी नहीं हो पाती है। उधर कुछ खेतों में धान के रोपा लगाने के काम साथ-साथ चल रहे हैं।विगत वर्ष अचानक बारिश शुरू हो जाने के कारण धान की रोपाई 40 प्रतिशत से भी ज्यादा रोपाई नहीं हो सकी थी ।

आपातकाल : जिला कार्यालय में हुआ लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान

नवभारत,नरसिंहपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में संविधान हत्या दिवस के अवसर पर आपातकाल का काला अध्याय विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया आपातकाल के 51 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस समारोह में लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों एवं उनके परिजनों का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1975 में लगाए गए आपातकाल ने देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक अधिकारों पर गंभीर आघात पहुंचाया था।

लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष और त्याग को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके योगदान से लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती मिली और आने वाली पीढ़ियों को

लोकतंत्र की रक्षा का संदेश मिला लोकतंत्र सेनानी मीसाबंदी संघ के संरक्षक रमेश कोचर, जिलाध्यक्ष मुन्नालाल नामदेव, संतोष तिहैया, विजय सोनी लेखचंद कोचर, हीरेन्द्र चौधरी,अरविंद गुप्ता तथा लालजी रैकवार का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल,तेन्दूखेड़ा विधायक विश्वनाथ पटैल नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज,पूर्व जिलाध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चा जिलाध्यक्ष, पार्षद एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राहुल कौरव ने किया।

डिजिटल लर्निंग

जिला महामंत्री सुरेंद्र मोहन नेमा ने व्यक्त किया डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के अंतर्गत हुए कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण भारतीय जनता पार्टी के डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के अंतर्गत बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। सोशल मीडिया जिला संयोजक श्रीकांत श्रीवास्तव ने डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग,संगठनात्मक गतिविधियों के प्रचार-प्रसार तथा सोशल मीडिया की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी।

स्मैक पाउडर सहित आरोपी गिरफ्तार

नवभारत,गाडरवारा। नरसिंहपुर पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन ईगल क्लॉ के तहत थाना गाडरवारा पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को स्मैक पाउडर सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लगभग 2 लाख 75 हजार रुपये मूल्य की 27.50 ग्राम स्मैक जब्त की है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में जिलेभर में अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया तथा एसडीओपी गाडरवारा ललित सिंह डागुर के मार्गदर्शन में थाना गाडरवारा पुलिस ने 24 जून 2026 की रात करीब 11:25 बजे श्मशान घाट के पास कार्यवाही की। पुलिस ने संदेही शेख मजीद (52 वर्ष) निवासी नरसिंह वार्ड, करेली को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 27.50 ग्राम अवैध स्मैक पाउडर बरामद किया। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत लगभग 2.75 लाख रुपये बताई गई है।